देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 151 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
राष्ट्रीय मसलों पर मतभेद



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 18 सितंबर 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0° | 79924.77

2 शेख हसीना के सामने नई मुसीबत! 7 यशस्वी जायसवाल करेंगे वो कमाल

# दिल्ली में अब 'आतिशी' पारी

## केजरीवाल ने छोड़ दी दिल्ली के सीएम की कुर्सी, आतिशी ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने दो दिन के भीतर इस्तीफा देने का ऐलान किया था। अपने द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक आज मंगलवार शाम केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ मुख्यमंत्री पद का नया चेहरा भी सामने आ चुका है। कई नामों के बाद आतिशी को केजरीवाल का उत्तराधिकारी चुना गया है। विधायक दल की मीटिंग में आतिशी का नाम प्रस्तावित हुआ था, जिसे सर्वसम्मति से सभी विधायकों ने स्वीकार किया है।

मंगलवार शाम अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इसके बाद आम आदमी पार्टी अपने सभी विधायकों की मदद से एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। राज्यपाल के जरिए राष्ट्रपति के सामने नई सरकार का दावा पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलते ही आतिशी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेकर कार्यभार संभाल लेंगी।

केजरीवाल के इस्तीफा और आतिशी के मुख्यमंत्री बनने की खबर सामने आने के बाद से विपक्ष दल लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहा है। तरह तरह की प्रतिक्रियाओं और हमलों के बीच आतिशी ने स्वंय साफ किया था कि वो सिर्फ चुनाव तक मुख्यमंत्री रहेंगी। उन्होंने आगे की रणनीति बताते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ केजरीवाल को फिर से कुर्सी पर बैठाना है। इसके साथ ही आतिशी बोलीं कि उन्हें कोई बधाई ना दे, ना ही कोई माला पहनाए।

वहीं आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने एक्स हैंडल से कहा कि दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री एक ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी से बचाने की लंबी लड़ाई लड़ी। उनके हिसाब से अफजल गुरु निर्दोष था और उसको राजनीतिक साजिश के तहत फँसाया गया था। वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ 'डमी सीएम' है, फिर भी ये मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे! भाजपा नेता ने कहा कि मैं डमी सीएम आतिशी को बधाई देता हूं। इसके बाद भी दिल्ली की स्थिति नहीं बदलेगी।



### हमारा मिशन केजरीवाल को फिर सीएम बनाना: आतिशी

अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आप की ओर से प्रस्तावित सीएम आतिशी ने कहा कि केजरीवाल पर भाजपा ने फर्जी आरोप लगाए। केंद्र ने जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया। केजरीवाल जैसा फैसला आज तक किसी ने नहीं लिया। हमारा मिशन केजरीवाल को फिर सीएम बनाना है। जब तक चुनाव नहीं होते तब तक मैं दिल्ली के लोगों की रक्षा करूंगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने मुझपर भरोसा किया। जिम्मेदारी देने के लिए मैं केजरीवाल धन्यवाद करती हूं।

### आतिशी तीसरी महिला सीएम होंगी

आतिशी दिल्ली की नई और तीसरी महिला सीएम होंगी। इनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित बतौर सीएम कार्यकाल संभाल चुकी हैं। आतिशी के सीएम बनने से पार्टी में उनका कद बढ़ गया है।

### पूरी कैबिनेट में हो सकता है फेरबदल

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद पूरे मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकती है। आतिशी अब नई मुखिया हैं। ऐसे में संभव है कि दो नए मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। बता दें राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद से एक पद खाली चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टरों की बड़ी मांग पर झुकी ममता सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। डॉक्टरों की बढ़ती मांग और असंतोष के बीच ममता बनर्जी की सरकार ने कोलकाता पुलिस में बड़ा फेरबदल किया है। सरकार ने पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को उनके पद से हटा दिया है और उनकी जगह मनोज कुमार वर्मा को नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है। ममता सरकार की तरफ से यह निर्णय तब लिया गया जब आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और फिर हत्या को लेकर कई जूनियर डॉक्टर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### दिल्ली–एनसीआर में जोरदार बारिश, चलीं तेज हवाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों में मंगलवार शाम को तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश देखी गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली के साथ ही एनसीआर के विभिन्न शहरों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

# देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

## कहा– हमारी अनुमति से ही लें एक्शन, बुलडोजर के महिमा मंडन पर उठाया सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्तूबर तक न्यायालय की अनुमति के बिना भारत में कहीं भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया है कि यह आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर किसी भी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगर अवैध रूप से तोड़फोड़ का एक भी मामला है, तो यह हमारे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई के महिमा मंडन पर भी सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने कहा यह रूकना चाहिए। अपने फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला हो, तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के खिलाफ है। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि देश भर के अधिकारी बिना अनुमति के अपराध के आरोपियों की संपत्ति नहीं गिराएंगे।

मामले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि ये आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों समेत अन्य पर अतिक्रमित किए गए निर्माणों पर लागू नहीं होगा। बता दें कि शीर्ष अदालत कई राज्यों में अपराध के आरोपियों की संपत्तियां गिराए जाने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

वहीं इस सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि संपत्तियों के ध्वस्तीकरण को लेकर एक कथा गढ़ी जा रही है। इस पर पीठ ने वरिष्ठ विधि अधिकारी से कहा, निश्चिंत रहें कि बाहरी शोर हमें प्रभावित नहीं कर रहा है। इसके साथ ही पीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक अक्तूबर के लिए तय कर दी।

### अवैध निर्माण पर जारी रहेगा एक्शन

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगली सुनवाई तक हमारी अनुमति से ही एक्शन लें। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किए गए अवैध निर्माण पर यह निर्देश लागू नहीं होगा।

# भारत ने पांचवीं बार जीती एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का फाइनल मुकाबला मेजबान चीन और भारत के बीच खेला गया। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक की लय बरकरार रखते हुए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब सफलतापूर्वक अपने नाम किया। गत चैंपियन भारत ने फाइनल में चीन को 1–0 से हराया और टीम की जीत के नायक जुगराज सिंह रहे जिन्होंने निर्धारित समय खत्म होने से नौ मिनट शेष रहते हुए निर्णायक गोल दागा। भारतीय टीम पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में सफल रही थी, लेकिन एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरी और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही।

पहली बार इस टूर्नामेंट का फाइनल खेल रही चीन ने खिताबी मुकाबले में भारत को कड़ी टक्कर दी। भारतीय टीम को गोल करने के मौके मिले, लेकिन चीन का डिफेंस प्रभावित करने में सफल रहा और उसने भारत को बढ़त लेने का मौका नहीं दिया। शुरुआती तीन क्वार्टर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर चल रही थी और ऐसा लग रहा था कि विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये ही निकलेगा। हालांकि, जुगराज ने 51वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत को बढ़त दिलाई और फिर चीन को अंतिम सीटी बजने तक बराबरी का गोल करने से रोका।

### जीत

■चीन को हराकर किया गोल्ड मेडल पर कब्जा

### भारत को पांचवां खिताब

भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एकछत्र राज किए हुए है। भारत ने एशियन चौंपियंस ट्रॉफी का टाइटल इससे पहले 2011, 2016, 2018 और 2021 में जीता है। अब टीम 2024 में इस टूर्नामेंट को जीतने में सफल हुई है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जल्द ही संसद में पारित होगा वक्फ संशोधन विधेयक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 जो वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग को संबोधित करता है आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। पीएम मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, वक्फ विधेयक, 2024 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में इसे संसद में पारित किया जाएगा।

इससे पहले, लोकसभा सचिवालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक 18, 19 और 20 सितंबर को नई दिल्ली में राजधानी शहर के संसदीय सौध में होगी। 18 सितंबर को बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रतिनिधि वक्फ विधेयक, 2024 पर समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य दर्ज करेंगे। 19 सितंबर को, बिल पर समिति कुछ विशेषज्ञों और हितधारकों के विचारों या सुझावों को सुनेगी।

■अब कोई नहीं कर पाएगा गलत इस्तेमाल: अमित शाह

## न्यूज डायरी



### इजरायल–हिजबुल्लाह में पूर्ण युद्ध की आशंका, आईडीएफ के बढ़े हौसले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। हिजबुल्लाह के इजरायल पर हालिया हमले ने क्षेत्र में तनाव को बढ़ा दिया है। इन हमलों के बाद कहा जा रहा है कि 7 अक्टूबर के बाद इजरायल और हिजबुल्लाह एक पूर्ण युद्ध के बहुत करीब पहुंच गए हैं। इससे पहले 30 जुलाई से 25 अगस्त के बीच दोनों पक्षों के बीच तनातनी दिखी थी, जब हिजबुल्लाह कमांडर फुआद शुकर को लेबनान की राजधानी बेरूत में मार दिया गया था। मौजूदा स्थिति फुआद की मौत के बाद के हालात से ज्यादा तनावपूर्ण है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि आने वाले दिनों में कुछ बड़े हमले देखने को मिल सकते हैं। इजरायली रक्षामंत्री योव गैलेंट ने इसका संकेत दिया है। सोमवार को उन्होंने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से कहा है कि हिजबुल्लाह के साथ राजनयिक समाधान की संभावना अब खत्म हो गई है। रिपोर्ट कहती है कि यह केवल अफवाहें नहीं हैं कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हिजबुल्लाह के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन के लिए समर्थन जुटाने के लिए गैलेंट की जगह गिदोन सार को रक्षा मंत्री बनाना चाह रहे हैं। इजरायल का ज्यादातर राजनीतिक और सैन्य वर्ग हिजबुल्लाह पर हमले के समर्थन में दिख रहा है। यरुशलम पोस्ट को राजनीतिक और सैन्य दोनों सूत्रों से हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई के संकेत मिले हैं।

### नाइजीरिया को भारत से मिलेंगे प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुजा। नाइजीरिया की सरकार बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) खरीदने की योजना बना रही है। नाइजीरिया सॉफ्ट क्रेडिट व्यवस्था के जरिए एलसीएच खरीदने वाला पहला देश बनने जा रहा है, जो उसकी सैन्य क्षमताओं में अहम बढ़ोतरी करेगा। यह अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारी के लिहाज से एक अहम कदम है। साथ ही नाइजारिया की अपनी हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश को भी दिखाता है। नाइजीरियाई सरकार की पहले के साथ–साथ ये एचएएल की रणनीतिक पहुंच भी इस समझौते से दिखती है। रिपोर्ट के मुताबिक, नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने रोटरी विंग अकादमी में एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टरों के लिए ट्रेनिंग पूरी कर ली है। फिलहाल एचएएल और नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा चल रही है और जल्द ही इससे जुड़े समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एलसीएच, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव का एक वेरिएंट है। इसमें स्टील्थ तकनीक, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली और क्रेश–योग्य लैंडिंग गियर जैसी कई मॉडर्न फैसिलिटी हैं। लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर को युद्ध की स्थिति बेहतर काम करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह हेलीकॉप्टर उच्च–ऊंचाई और जंगल के वातावरणों में कामयाब है और धीमी गति से चलने वाले विमानों और दूर से संचालित वाहनों के खिलाफ भी प्रभावी है।

### टाइटैनिक देखने पहुंची टाइटन पनडुब्बी की हादसे के 1 साल बाद आई पहली तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। टाइटन पनडुब्बी हादसे के एक साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद समुद्र के तल से पनडुब्बी की पहली बार तस्वीर सामने आई है। जून 2023 में टाइटैनिक का मलबा देखने जाने के समय टाइटन पनडुब्बी समुद्र में पानी के नीचे हादसे का शिकार हो गई थी। एक विस्फोट में पनडुब्बी में सवार सभी लोग मारे गए थे। ताजा तस्वीर में पनडुब्बी की पिछली टेल कोन 3775 मीटर की गहराई पर तलहटी में बाहर की तरफ निकली दिखाई दे रही है। इसके साथ में अन्य मलबा भी है। यह तस्वीर पिछले साल हादसे के बाद पनडुब्बी की खोज के दौरान रिमोट संचालित वाहन से ली गई थी।

अमेरिकी कंपनी ओशनगेट की पनडुब्बी टाइटन पिछले साल 18 जून को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड के तट पर उत्तरी अटलांटिक महासागर में टाइटैनिक को देखने के अभियान पर रवाना हुई थी। इसमें ओशनगेट के सीईओ स्टॉकटन रश, फ्रांसीसी खोजकर्ता पॉल हेनरी नारेगेओलेट, ब्रिटिश व्यवसायी हैमिश हार्डिंग, पाकिस्तानी–ब्रिटिश बिजनेसमैन शहजाद दाउद अपने बेटे सुलेमान के सवार थे। पानी में उतरने के 1 घंटे 45 मिनट बाद ही अपने जहाज पोलर प्रिंस से संपर्क टूट गया।

# रूस के पास होगी चीन के बाद सबसे बड़ी सेना

रिपोर्ट

## पुतिन ने लाखों भर्तियों का दिया आदेश, भारत–अमेरिका रह जाएंगे पीछे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने देश की सेना के आकार को एक बार फिर से बढ़ाने जा रहे हैं। पुतिन ने सोमवार को रूसी सेना में 1,80,000 फौजी बढ़ाकर सक्रिय सैनिकों की संख्या 15 लाख करने का आदेश दिया है। इसके बाद रूसी फौज चीन के बाद दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी सेना बन जाएगी। क्रेमलिन की वेबसाइट पर बताया गया है कि पुतिन ने सशस्त्र बलों की कुल संख्या को 23.8 लाख तक बढ़ाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा इसमें 15 लाख सक्रिय सैनिक होने चाहिए। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, इसके बाद से दोनों देशों में युद्ध जारी है। इस दौरान रूसी सरकार लगातार सैन्य ताकत बढ़ाने पर जोर दे रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) के आंकड़ों कहते हैं कि इस वृद्धि से रूस सक्रिय लड़ाकू सैनिकों की संख्या के मामले में अमेरिका और भारत से आगे निकल जाएगा और दूसरे स्थान पर आ जाएगा। इसे बाद उससे आगे सिर्फ चीन होगा। चीन के पास 20 लाख से ज्यादा सक्रिय सैनिक हैं।

रूस के फरवरी 2022 में यूक्रेन में पर हमले के बाद से पुतिन ने तीसरी बार सेना के रैंकों का विस्तार किया है। यह तब हुआ है जब रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्सों पर आगे बढ़ रही है और यूक्रेनी सेना को अपने कुर्स्क क्षेत्र से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है।

रूस की संसद के निचले सदन की रक्षा समिति के अध्यक्ष आंद्रेई कार्तपोलोव ने बताया है कि सक्रिय सैनिकों की संख्या में वृद्धि सशस्त्र बलों के आकार को बढ़ाने की योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा किरूस के उत्तर–पश्चिम में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई सैन्य इकाइयां बनाने की जरूरत है क्योंकि यहां फिनलैंड के साथ हमारी सीमा लगती हैं, जो नाटो गुट में शामिल हो गया है।

पुतिन ने 2022 से पहले लड़ाकू सैनिकों की संख्या में दो आधिकारिक वृद्धि का आदेश दिया था। पहली 1,37,000 और दूसरी 1,70,000 सैनिकों की थी। क्रेमलिन ने कहा है कि फिलहाल किसी नई लामबंदी की योजना नहीं है। विचार यह है कि यूक्रेन में लड़ने के लिए हस्ताक्षर करने वाले रंगरूटों पर भरोसा करना जारी रखा जाए। कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस थिंक टैंक में रूसी सेना के विशेषज्ञ दारा मैसिकोट का कहना है कि मॉस्को सक्रिय सैनिकों में वृद्धि से आने वाले खर्च के लिए क्या तैयार होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या वे वास्तव में रक्षा बजट को बढ़ावा देने में सक्षम हैं।

रूस की संसद के निचले सदन की रक्षा समिति के अध्यक्ष आंद्रेई कार्तपोलोव ने कहा कि सक्रिय सैनिकों की संख्या में वृद्धि सशस्त्र बलों में सुधार लाने तथा उनके आकार को धीरे–धीरे बढ़ाने की योजना का हिस्सा है।

## बांग्लादेश में जब भी कुछ होता है तो हिंदू निशाना बनते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। कनाडा में सांसद ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा का मुद्दा उठाया। कनाडाई सांसद चंद्र आर्या ने कहा कि बांग्लादेश में जारी हिंसा से बहुत चिंतित हूं। कर्नाटक के ताल्लुक करने वाले चंद्रा आर्या ने एलान किया है कि 23 सितंबर को पर्लियामेंट हिल पर एक रैली का आयोजन करेंगे। इसमें वह बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को उजागर करेंगे। आर्या के मुताबिक रैली में हिंदुओं के अलावा बौद्ध और ईसाई भी शामिल होंगे।

कनाडा की संसद में चंद्रा आर्या ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों समेत अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा से मैं बेहद चिंतित हूं। बांग्लादेश में जब भी अस्थिरता होती है तो धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

चंद्रा आर्या ने आगे कहा, बांग्लादेश की आबादी में धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी 1971 में आजादी के बाद काफी गिरी है। उस वक्त 23.1 फीसदी अल्पसंख्यकों की आबादी में लगभग 20 फीसदी हिंदू थे। मगर अब यह अल्पसंख्यकों की संख्या लगभग 9.6 प्रतिशत रह गई है। वहीं हिंदुओं की आबादी लगभग 8.5 प्रतिशत है। चंद्रा आर्या ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले कनाडाई हिंदू अपने परिवारों, मंदिरों और संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।



मध्य यूरोप के कई देशों में बाढ़ का कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्रासर। मध्य यूरोप में दो दशकों की सबसे भीषण बाढ़ के बाद विनाश के दृश्य दिख रहे हैं। ऑस्ट्रिया से लेकर रोमानिया तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। पोलैंड और चेक गणराज्य के कई क्षेत्रों के लोग घर छोड़कर सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढ़ते नजर आए। पिछले हफ्ते से जारी भारी बारिश और बढ़ते जलस्तर ने चेक गणराज्य और पोलैंड के मध्य सीमा क्षेत्रों में सर्वाधिक असर डाला है। कई घर तबाह हो गए हैं, कारें नष्ट हो गई हैं और पुल ढह गए हैं, जिसके चलते लोगों को घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। पोलैंड स्थित टोपोला जलाशय का पानी कोजिल्नो गांव पहुंच गया, जिसके बाद नजदीकी गांव–कस्बों को खाली कराने के लिए कहा गया है। चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में बैरियर टूटने से ओड्रा नदी, पहले से ही उफनती ओपावा नदी से मिल गई और शहर के औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई, जिसके बाद सैकड़ों लोगों को निकालना पड़ा।

# भारत में छिपीं शेख हसीना के सामने नई मुसीबत!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सामने नई मुसीबत आ खड़ी हुई है। भारत में छिपीं शेख हसीना के खिलाफ हत्या के पांच मामलों ने टेंशन बढ़ा दी है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण को शेख हसीना समेत 228 लोगों के खिलाफ हत्या, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध की 5 नई शिकायतें मिली हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध अधिनियम– 1973 के तहत वहां की अदालतें पूर्व प्रधानमंत्री की गैर–मौजूदगी में भी उनके खिलाफ मुकदमा चला सकती हैं।

पहली शिकायत है 20 जुलाई को दो छात्रों नूर आलम सिद्दीकी रकीब और जुबैर की हत्या की गई थी। यह

### मोहम्मद यूनुस की सरकार ने 5 मामलों में दे दी बड़ी टेंशन

वारदात मैमन सिंह–किशोरगंज राजमार्ग पर हुई थी। इस मामले में शेख हसीना समेत 64 लोगों पर आरोप लगे अब जुबैर के पिता अनवर और रकीब के पिता अब्दुल हलीम ने शेख हसीना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

दूसरी शिकायत है आईसीटी अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने इस बात की पुष्टि की है कि शेख हसीना के खिलाफ रविवार को मुख्य अभियोजक के कार्यालय में शिकायतें दर्ज की गई हैं। उधर, मोहम्मद इदरीस की शिकायत पर शेख हसीना और 27 अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। 19 जुलाई को ढाका में ब्रैक यूनिवर्सिटी के सामने इदरीस के बेटे मारूफ हुसैन की हत्या कर दी गई थी।

तीसरी शिकायत में शफीकुल इस्लाम सरकार ने शेख हसीना समेत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। 19 जुलाई को उनके बेटे फैसल सरकार की उत्तरा अब्दुल्लापुर क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। चौथी शिकायत में महफूजुर रहमान की हत्या के केस में शेख हसीना समेत 75 अन्य को आरोपी बनाया गया है। महफूजुर की भी 19 जुलाई को मीरपुर चौक पर हत्या की गई थी।

पांचवीं शिकायत है 13 वर्षीय मृतक छात्र अमन नूर के पिता की शिकायत पर शेख हसीना समेत 57 लोगों के खिलाफ एक और शिकायत दर्ज कराई गई है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन आज पहुंचेंगे मिस्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन मंगलवार को मिस्र की यात्रा करेंगे। इजरायल हमास युद्ध के बीच गाजा में बंधकों की रिहाई और संघर्ष विराम को लेकर वो मिस्र के अधिकारियों से चर्चा करेंगे। अमेरिका, कतर और मिस्र कई महीनों से इजरायल और फिलिस्तीनी समूह से युद्ध रोकने तथा इजरायली बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें कि गाजा में हमास लड़ाकों द्वारा बंधकों की हत्या से इजरायल में लोग आक्रोशित हो चुके हैं। कुछ दिनों पहले बंधकों की सुरक्षित रिहाई में इजरायल सरकार की विफलता के विरोध में कई श्रम संगठनों ने हड़ताल का आह्वान किया था। देशभर में लगभग सात लाख लोग प्रदर्शन ने शामिल हुए थे।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# ऋण वितरण व अदायगियों के लक्ष्य को तत्परता से पूरा करने के निर्देश

**निर्देश**

## सीएस ने लक्ष्य से कम ऋण वितरण पर जताई सख्त नाराजगी

**संवाददाता**



देहरादून। नाबार्ड के तहत स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों द्वारा लक्ष्य से कम ऋण वितरण पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने डिस्बर्समेंट को गम्भीरता से लेते हुए ऋण वितरण व अदायगियों के लक्ष्य को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने पेयजल विभाग को पेयजल सुविधाओं के विकास से सम्बन्धित प्रस्तावों को तत्काल भेजने तथा नाबार्ड को पेयजल प्रस्तावों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों के सचिवों एवं विभागाध्यक्षों को ऋण वितरण एवं अदायगियों में तेजी लाने के लिए साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। विभागों द्वारा ऋण वितरण एवं अदायगियों के साथ ही नाबार्ड को प्रस्ताव भेजने के दौरान प्रक्रियाओं में हो रहे विलम्ब का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रक्रियाओं के सरलीकरण व तीव्रता के निर्देश दिए हैं। विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा आज की बैठक में मौजूद नही रहने पर मुख्य सचिव ने विभाग से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वित्त विभाग को एक सप्ताह में धीमी गति से चल रहे सभी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने नाबार्ड को निर्देश दिए हैं कि राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विकास के सापेक्ष किसानों की कृषि आय में बढ़ोतरी पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाए। उन्होंने नाबार्ड को प्रस्तावों की स्वीकृति में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में नाबार्ड की आरआईडीएफ (ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि) पर द्वितीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों द्वारा डिस्बर्समेंट की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी विभागों को इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा वितरण और अदायगियों में आ रही समस्याओं का निवारण कर शीघ्र कार्यों को पूर्ण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अच्छे प्रस्ताव लगातार तैयार कर प्रस्ताव वित्त को भेजे जाने के साथ ही डीपीआर नाबार्ड को भी भेज दी जाए, ताकि समय पर नाबार्ड की भी संस्तुति मिल सके। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह और पाक्षिक रूप से प्रस्तावों की लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर सचिव वित्त ने बताया कि उच्चाधिकार समिति द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए आरआईडीएफ के तहत 1162 करोड़ के सापेक्ष 1098 करोड़ ऋण डिस्बर्समेंट का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 1098 करोड़ के डिस्बर्समेंट के लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक विभागों द्वारा मात्र 232.28 करोड़ का डिस्बर्समेंट किया गया है।

राज्य में नाबार्ड के तहत ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) से 2.05 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिचाई सुविधाओं का सृजन एवं पुनर्धार किया गया है। लगभग 14,766 किमी ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क का निर्माण एवं सुधार किया गया है।

## न्यूज डायरी

### सभी धर्म गुरुओं ने एकता और मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज के कार्यकर्ताओं ने माहे रबी उल अव्वल पैगंबर मोहम्मद रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम मोहम्मद साहब के जन्म के महीने के चलते पलटन बाजार स्थित जामा मस्जिद के सामने फल वितरण करने का कार्य किया और सभी आमजन को यह पैगाम दिया के सभी धर्मों का आदर करना चाहिए और हम सब इंसान हैं मानवता और भारत वासी के नाते हम एक दूसरे के भाई हैं। हम एक दूसरे से मिलजुल कर रहे हैं एक दूसरे की खुशियों में शामिल हो। शरीफ लाचार मजबूर बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों सबकी हम मदद करने के लिए हमेशा आगे रहे तभी हमारा देश तरक्की करेगा। हमारे देश में एकता और भाईचारा बना रहेगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा की सभी धर्म गुरुओं ने एकता और मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया है।

### यूपी और उत्तराखंड के युवा कुमाऊं में चला रहे थे ऑटो लिफ्टर गैंग, छह गिरफ्तार

**संवाददाता** हल्द्वानी। वनभूलपुरा पुलिस ने कुमाऊं में सक्रिय ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सरगना समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक सरगना ऊधमसिंह नगर में किच्छा के निकट लालपुर का और दूसरा पौड़ी जिले के कालागढ़ का निवासी है। गैंग में उत्तराखंड और यूपी के युवक शामिल हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर यहां ट्रंचिंग ग्राउंड के पास में जंगल में छिपाकर रखीं चोरी की 12 बाइक बरामद कर सभी छह आरोपियों को जेल भेज दिया है।
मंगलवार को कोतवाली के बहुद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि 11 सितंबर को वनभूलपुरा क्षेत्र में चोरी हुई बाइक की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से सर्विलांस की कार्रवाई शुरू की थी। इसकी फुटेज से पुलिस किच्छा के नजदीक स्थित लालपुर के निवासी सलीम अली तक पहुंची।

### पीएम आवास के 124 लाभार्थियों को मिली गृह प्रवेश की चाबी

**संवाददाता** देहरादून। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से अनेक जन कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही हैं। केंद्र में प्रदेश सरकार जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए संकल्पित हैं। यह बातें उन्होंने मंगलवार को डोईवाला के प्रेमनगर बाजार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान विधायक बृजभूषण गैरोला ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मारखम ग्रांट में निवास करने वाले 124 लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। कहा कि सरकार जनता के लिए सभी कार्य कर रही है।

# बड़ी धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा दिवस

**संवाददाता** पुरोला। आईटीआई सहित लोकनिर्माण, सिंचाई, नगर पंचायत, जलसंस्थान आदि विभाग में मंगलवार को विश्वकर्मा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विश्वकर्मा दिवस पर आईटीआई में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जंहा उनको श्रद्धांजलि दी वहीं संस्थान में उपलब्ध प्रशिक्षण से सम्बंधित संसाधनों की विधिवत धूप–दीप जलाकर पूजा अर्चना की।

वैदिक काल के प्रसिद्ध वास्तुकार, शिल्पकार व निर्माण कार्यों के आधुनिक युग के महान इंजीनियर कहे जाने वाले विश्वकर्मा को आज के दिन उसी भाव से औद्योगिक जगत में पूजा जाता है। भारतीय पौराणिक संस्कृति में कहा गया है कि वैदिक काल मे इंद्र की इंद्रपुरी से लेकर द्वापर में द्वारिकापुरी, हस्तिनापुर व त्रेतायुग व रामायणकाल की सोने की लंका सहित जगगनाथपुरी आदि रोचक व अद्वितीय नगरों के रचनाकार व शिल्पकार भी भगवान विश्वकर्मा जी ही रहे हैं।

आईटीआई के अनुदेशक पंकज नेगी ने कहा कि हर वर्षों की भांति छात्र–छात्राओं के साथ मिलकर संस्थान में पूजा–अर्चना कर एक दूसरे को मिठाईयां बांटी व जश्न मनाया। कार्यक्रम में प्रभारी पंकज नेगी,मनराल सिंह,राजबीर,गोविंद राम,आदि अनुदेशक व छात्र मौजूद रहे।



### जनजागरुकता रैली निकाल कर अभियान की शुरुवात की

**संवाददाता** पुरोला। स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता' स्वच्छ भारत के लिए जन भागीदारी को मजबूत करने को लेकर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' के पखवाड़े के प्रथम दिवस को नगर पालिका परिषद पुरोला द्वारा जनजागरूकता रैली निकाल कर अभियान की शुरुवात की जिसमे शहर के मुख्या मार्गो में स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता' के नारो द्वारा बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला के छात्र –छात्रों द्वारा आईए, मिलकर कदम बढ़ाएँ स्वच्छता की ओर से शहर को जागरूक किया एवं सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में डॉ0 तबस्सुम जहां, भूपाल सिंह कार्की, विनोद कुमार, बबिता भट्ट, कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश राही तथा अजय सेमवाल ने संयुक्त रूप से किया।

# प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में 26 सितंबर को पेंशन आक्रोश मार्च

**संवाददाता।**

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के बैनर तले ओपीएस बहाली आंदोलन तेज होने जा रहा है। मंगलवार को नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आंदोलन कार्यक्रम फाइनल किया गया। तय हुआ कि 26 सितंबर को देश भर के सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशन आक्रोश मार्च निकाला जाएगा।

नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी भी मौजूद रही। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने बताया

■पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बनी रणनीति

कि 26 सितंबर को प्रदेश एवं देश के सभी जिला मुख्यालय में पेंशन आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। 15 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। इसमें सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी। उत्तराखंड से सूर्य सिंह पंवार को राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री मुकेश रतूड़ी, प्रदेश कोषाध्यक्ष इंजीनियर शांतनु शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत, हर्षवर्धन जमलोगी, उर्मिला द्विवेदी, रुचि पैन्यूली, हेमलता कजालिया, अमित शेखर नेगी, संतोष गडोई, पुष्कर राज बहुगुणा, अनिल पंवार, संजीव गुसाईं, रमेश पाठक, सुशील तिवारी, विकास शर्मा, सुखदेव सैनी, सदाशिव भास्कर, मनोज बडछीवाल, रणजीत कौर, अनूप जदली, लक्ष्मण कोरंगा, हरेंद्र रावल, मदन बड़थ्वाल, हुकम सिंह नयाल, गणेश भंडारी, केके पाठक, धीरेंद्र पाठक, गोविंद मेहता, प्रकाश तड़ागी, अजवीर रावत, जयप्रकाश बिजल्वाण, भूपेंद्र बिष्ट, उत्तम राणा, विजय सिंह पयाल, देवेंद्र फर्स्वाण, एसएस राणा, महिपाल सिंह चौहान मौजूद रहे।

### मोदी सरकार ने 100 दिन में ऐतिहासिक योजनाओं को दी मंजूरी

**संवाददाता** हल्द्वानी। भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 100 दिन के कार्यकाल में ऐतिहासिक योजनाओं को मंजूरी दी है। उत्तराखंड के लिए खुरपिया फार्म में इंडस्ट्रीयल पार्क को मंजूरी दिया जाना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई प्रेसवार्ता में सेवा पखवाड़ा के प्रदेश संयोजक खिलेन्द्र चौधरी ने बताया कि एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिसके तहत 3 लाख करोड़ सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई मार्गों के लिए मंजूर किए गए हैं। महाराष्ट्र के वधावन में 76200 करोड़ के वधावन मेगा पोर्ट को मंजूरी प्रदान की है।



जीवन में सफलता पाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। -अज्ञात



पेज थ्री
www.page3news.in

# राष्ट्रीय मसलों पर मतभेद

**मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का कहना है कि हिंदू और मुस्लिम विधायकों ने साथ बैठकर यह फैसला किया है, लेकिन एनडीए के घटक दलों रामविलास – ने संविधान में दी गई धार्मिक आजादी का उल्लंघन बताते हुए इसकी आलोचना की।**

अनुज श्रीवास्तव।।

असम में विधानसभा के कामकाज से जुड़े एक फैसले पर जिस तरह से छक। के दो सहयोगी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है, उससे साफ है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सहयोगी दलों के बीच आपसी तालमेल सुनिश्चित करने की कोई कारगर व्यवस्था नहीं हो पा रही है। जेडीयू नेता केसी त्यागी के प्रवक्ता पद से दिए गए इस्तीफे को भी तालमेल की इसी कमी का नतीजा माना जा रहा है।

वैसे, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के तीखे बयान जब–तब राष्ट्रीय सुर्खियों का हिस्सा बनते रहे हैं, लेकिन यह फैसला विधानसभा की कार्यवाही में शुक्रवार को दिए जाने वाले ब्रेक से जुड़ा है। मुस्लिम विधायकों की नमाज के मद्देनजर दो घंटे का ब्रेक देने की 1937 से चली आ रही परंपरा वहां समाप्त कर दी गई। मुख्यमंत्री का कहना है कि हिंदू और मुस्लिम विधायकों ने साथ बैठकर यह फैसला किया है, लेकिन एनडीए के घटक दलों रामविलास – ने संविधान में दी गई धार्मिक आजादी का उल्लंघन बताते हुए इसकी आलोचना की।



राष्ट्रीय गठबंधन के सदस्य दलों का एक राज्य सरकार के फैसले पर आपत्ति करना ध्यान जरूर खींचता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रीय मुद्दों पर इन दलों में सहमति है। अभी हाल ही में इन्हीं सहयोगी दलों के तीखे विरोध के कारण केंद्र सरकार को लैटरल एंट्री पर अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। जाति जनगणना इन दलों के बीच मतभेद का एक बड़ा मुद्दा पहले से बना हुआ है। हाल में जेडीयू के वरिष्ठ नेता के सी त्यागी ने कुछ पूर्व और मौजूदा सांसदों के उस संयुक्त बयान पर भी हस्ताक्षर कर दिए, जिसमें भारत सरकार से इस्राइल को हथियारों की कथित सप्लाई बंद करने को कहा गया था। हालांकि इसके बाद पार्टी के प्रवक्ता पद से त्यागी का इस्तीफा आ गया और पार्टी ने उनकी जगह नए प्रवक्ता की घोषणा भी तत्काल कर दी। इससे स्पष्ट है कि जेडीय नेतृत्व भी एक हद से ज्यादा आक्रामकता की इजाजत नहीं देना चाहता। लेकिन यह प्रकरण इतना तो स्पष्ट कर ही देता है कि छक। से जुड़े दलों के बीच विभिन्न मसलों पर भेद–मतभेद दूर करने के लिए नियमित बातचीत की कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है और न ही अपने मतभेदों को सार्वजनिक तौर पर व्यक्त करने को लेकर स्पष्ट आपसी समझ विकसित हो सकी है।

आपसी तालमेल की इसी कमी के चलते केंद्र सरकार को न केवल लैटरल एंट्री से जुड़ा यूपीएससी का विज्ञापन वापस लेना पड़ा बल्कि वक्फ संशोधन विधेयक भी संयुक्त संसदीय समिति को भेजना पड़ा। ऐसे कदम सरकार और सत्तारूढ़ गठबंधन की स्थिरता को लेकर कोई अच्छा संदेश नहीं देते।

## महाकाल की यात्रा





**अशोक वोहरा।**

भोलाराम को सोते हुए, पूरी रात गुजर जाती है। उसे इस घटना की भनक तक नहीं लगती और जैसे ही वह सुबह उठकर देखता है कि, उसका थैला थोड़ा, दूर पड़ा हुआ है, उसे समझ में आ जाता है कि, किसी ने चोरी करने की कोशिश की थी। लेकिन उसे ताज्जुब होता है कि, चोरो ने थैला छोड़ क्यों दिया था। भोलाराम तुरंत थैले में, अपना सामान देखता है। उसे सभी चीजें व्यवस्थित मिलती है। वह अपनी नित्यक्रिया करके, कावड़ यात्रा पुनः प्रारम्भ कर देता है। भोलाराम को महाकाल की यात्रा में आनंद आने लगा था। भोलाराम को रास्ते में कांवड़ ले जाते देख, कई श्रद्धालु खाने पीने की वस्तुएँ और पैसे, उसे भेंट करते हैं। भोलाराम को सफर करते हुए, आठ दिन गुजर चुके थे और अभी तक, उसने आधा ही सफर तय किया था।

....शेष कल

## संपादकीय

### आर्थिक मोर्चे पर मजबूती

चीन अपने प्रतिद्वंद्वी देशों को सामरिक के अलावा आर्थिक मोर्चे पर भी परेशान कर सकता है। इससे बचने के लिए भी भारत का अपने सामरिक साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाना जरूरी है। इनमें जापान सबसे अहम कड़ी है। फन्|क के मंच का इस्तेमाल कर भारत और जापान अपने हितों की पूर्ति में एक–दूसरे के सहायक हो सकते हैं। भारत और जापान को मिलकर चीन की सप्लाई चेन पर निर्भरता तोड़नी होगी। जापान भारत को चीनी सप्लाई चेन के विकल्प के तौर पर देख रहा है। इसीलिए आधुनिक औद्योगिक उत्पादों में इस्तेमाल किए जाने वाले क्रिटिकल मिनरल्स (दुर्लभ खनिजों) के साझा उत्पादन के लिए भी भारत को तकनीकी मदद देने को तत्पर है। जापान भारत को ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों का नेता मानता है। भारत के साथ 22 वार्ता का औचित्य बताते हुए जापानी राजनयिक कहते हैं कि वर्तमान सुरक्षा माहौल में भारत के साथ सहयोग गहरा करना काफी अहम है। भारत को इसका फायदा उठाने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे।

दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक व तकनीकी ताकत का इस तरह दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत के साथ खड़ा होना काफी अहमियत रखता है।

# दुनिया को संदेश

रंजीत कुमार।।

जापान उन चुनिंदा बड़ी ताकतों में है, जिनके साथ भारत 22 वार्ता करता है। इसके तहत तीसरे दौर की वार्ता में जापान की विदेश मंत्रो कमीकावा योको और रक्षा मंत्री किहारा मिनोरू ने 20 अगस्त को विदेश मंत्री जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक कर भारत से सामरिक साझेदारी को नया आयाम देने की प्रतिबद्धता दोहराई। दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक व तकनीकी ताकत का इस तरह दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत के साथ खड़ा होना काफी अहमियत रखता है। दो बड़ी आर्थिक ताकतें इस तरह एक–दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर चलती हुई दिखाई दें तो पूरे विश्व के लिए एक विशेष संदेश निकलता है। दोनों देशों का साथ दिखना इसलिए भी अहम है कि दोनों चीन की विस्तारवादी नीतियों से समान रूप से परेशान हैं और उससे मुकाबला करने के लिए परस्पर सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। वैसे भी, आज जितनी भारत को जापान की जरूरत है, उतनी ही जापान को भारत की।

भारत इस तरह की 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस के साथ भी करता है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया और ब्राजील के साथ भी अधिकारी स्तर की 22 वार्ता शुरू की गई है। 22 वार्ता इस बात का संकेत



मानी जाती है कि वे देश भारत के सबसे गहरे सामरिक साझेदार हैं और उनके साथ तालमेल से भारत अपने सामरिक हितों की रक्षा कर सकता है।

चूंकि राजनयिक रिश्तों की मजबूती के लिए दो देशों के बीच रक्षा सहयोग जरूरी माना जाता है और इसके मद्देनजर जापान अपनी पारंपरिक रक्षा नीति में बदलाव लाने लगा है, इसलिए विदेश व रक्षा मंत्रियों की इन संयुक्त बैठकों की अहमियत बढ़ जाती है। जापान कई तरह की संवेदनशील रक्षा प्रणालियों का विकास करने वाला देश है, जिन्हें वह भारत को हस्तांतरित करने को तैयार हो गया है। जापान की मदद से भारत अगली पीढ़ी के रक्षा उपकरणों का विकास और निर्माण कर सकता है। इसके अलावा मौजूदा विश्व सामरिक माहौल में अपने हितों की रक्षा के लिए जापान अपनी सेना को नए हथियारों से लैस करना चाहता है। वह इन हथियारों का भारत में साझा उत्पादन कर सकता है। यही नहीं, वह भारत से भी रक्षा साजोसामान का आयात कर सकता है।

भारत के साथ 22 वार्ता में भाग लेने वाले देशों में तीन देश दृ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान दृ भारत सहित चार देशों के गठजोड़ फन्|क के भी सदस्य हैं। इसलिए इन देशों के साथ 22 वार्ता की अहमियत और भी बढ़ जाती है। इन देशों के साथ भारत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर वार्ताएं कर चीन को अप्रत्यक्ष संदेश देता है कि उसके विस्तारवादी मंसूबों को पूरा नहीं होने देने के लिए क्षेत्र की बड़ी ताकतें साथ चल रही हैं। चूंकि ये देश हिंद प्रशांत इलाके में चीन की विस्तारवादी नीतियों और दादागीरी से चिंतित हैं इसलिए जब भी भारत के रक्षा व विदेश मंत्रियों की इन देशों के विदेश व रक्षा मंत्रियों के साथ बैठकें होती हैं तो दोनों पक्षों के बीच चर्चा का एक अहम विषय यह होता है कि हिंद प्रशांत के महासागरीय इलाके को समुद्री और हवाई यातायात के लिए खुला रखना कितना जरूरी है। चीन ने एक काल्पनिक नाइन डैश रेखा खींची है जो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के समुद्र तटीय इलाके से होकर ही गुजरती है। इस रेखा के अंदर पड़ने वाले दक्षिण चीन सागर के इलाकों को चीन अपना बताता है।

### अष्टयोग-5049

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 4 | 5 | | |
| 2 | 30 | 7 | 31 | | 34 | 2 |
| 1 | | | 3 | | 7 | |
| | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | | 1 | | | 5 | 7 |
| 3 | 30 | | 32 | 7 | 34 | |
| | 5 | | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5048 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 30 | 2 | 25 | 2 | 34 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 28 | 5 | 35 | 3 | 39 | 6 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 30 | 3 | 42 | 5 | 34 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 |

Jagrutidaar.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### साउथ चाइना सी पर कंट्रोल

**मोहन।** चीन को यदि खुली छूट मिल गई तो दक्षिण चीन सागर के इलाके से होकर गुजरने वाले दूसरे देशों के व्यापारिक जहाजों और विमानों को उससे अनुमति लेनी होगी। यदि चीन इसमें कामयाब हुआ तो वह इन जहाजों और विमानों के गुजरने पर टैक्स भी लगा सकता है। ऐसे में भारत के लिए यह जरूरी हो जाता है कि इस व्यापार को निर्बाध तरीके से जारी रखने के लिए वह हिंद प्रशांत की सभी ताकतों के साथ मिल कर रहे और संयुक्त तौर पर चीन को संदेश देता रहे कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों के अनुरूप ही दक्षिण चीन सागर में अपना समुद्री अधिकार जमाए। जापान और भारत इलाकाई यथास्थिति को ताकत के बल पर बदलने का तीव्र विरोध करते हैं और राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का आदर करते हुए नियमों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने को परस्पर प्रतिबद्ध हैं।







## ऐश्वर्या राय के पास की खाली सीट पर बैठे चियान विक्रम

पोन्नियिन सेलवन में अपने रोल के लिए खूब सुर्खियां बटोर चुके मशहूर एक्टर चियान विक्रम और ऐश्वर्या राय एकसाथ एक अवॉर्ड फंक्शन में दिखे और इस मौके पर दोनों की कई सारी झलकियां सामने आई हैं। इन तस्वीरों में ऐश्वर्या और चियान के साथ आराध्या राय बच्चन भी दिख रही हैं। इन सबके अलावा चियान विक्रम की आराध्या के साथ भी प्यारी सी बॉन्डिंग कैमरे में खूब कैप्चर हुई है। दुबई में पिछले दिनों आयोजित SIIMA 2024 में ऐश्वर्या राय राय को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। वहीं चियान विक्रम ने पोन्नियिन सेलवन 2 में अपनी भूमिका के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता। इस साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स शो में ऐश्वर्या राय और चियान विक्रम की कुछ शानदार झलकियां सामने आई हैं। इस मौके पर ऐश्वर्या के साथ हमेशा की तरह उनकी बेटी आराध्या भी नजर आईं। अवॉर्ड फंक्शन से जुड़े कुछ वीडियोज सोशल मीडिया पर नजर आ रहे हैं, जिसमें चियान और ऐश्वर्या एक–दूसरे के साथ हंसी–मजाक के कुछ पलों को जीते दिख रहे हैं। बता दें कि ऐश्वर्या को पोन्नियिन सेलवनः में अपने रोल के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का क्रिटिक्स अवॉर्ड जीता है। इस फंक्शन में आराध्या के साथ ही बैठी दिख रही हैं ऐश्वर्या राय। वहीं ऐश्वर्या के पास वाली सीट खाली होती है जहां चियान विक्रम आकर बैठ जाते हैं।

## कोरियोग्राफर जानी मास्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री हाल ही में न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट से परेशान है, जिसमें महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले भेदभाव और शोषण का खुलासा हुआ है। इसके चलते बाकी के फिल्म इंडस्ट्री भी इस रिपोर्ट के प्रभाव को महसूस करने लगे हैं। यौन दुर्व्यवहार के आरोपों का सामना कर रहे मलयालम सिनेमा के कई दिग्गजों के बीच, फेमस डांस कोरियोग्राफर जानी, जिन्हें जानी मास्टर के नाम से जाना जाता है, वो यौन उत्पीड़न के मामले में उलझ गए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता पहले जानी के साथ काम कर चुकी थी। उसने अपनी शिकायत में यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। तेलंगाना की रायदुर्गम पुलिस ने शुरुआत में जीरो एफआईआर दर्ज की और फिर नरसिंगी पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया।

## सलमान खान के नाम पर हो रहा स्कैम! भाईजान की टीम ने फैन्स को दी चेतावनी



सलमान खान की टीम ने उनके फैन्स को चेतावनी जारी करते हुए एक फर्जी पोस्ट को लेकर एक्टर के फैन्स को आगाह किया है। इस फर्जी पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि सलमान खान 5 अक्टूबर को अमेरिका के अर्लिंग्टन थिएटर में नजर आनेवाले हैं। सलमान खान के मैनेजर जॉर्डी पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा सोशल मीडिया पर उनके सभी फैन्स को चेताया है। आज सोमवार को सलमान खान के मैनेजर, जोर्डी पटेल ने एक ऑनलाइन टिकटिंग साइट से इंस्टाग्राम पर एक स्क्रीनशॉट पोस्ट किया। स्क्रीनशॉट में झूठा दावा किया गया कि खान अमेरिका के अर्लिंग्टन थिएटर में दिखाई देंगे। जॉर्डी ने सलमान खान से जुड़े उस फर्जी इवेंट डीटेल की जानकारी शेयर करते हुए लिखा है, घोटाला अलर्ट!! टिकट न खरीदें। सलमान खान 2024 में अमेरिका में कोई भी प्रदर्शन नहीं करेंगे। बता दें कि सलमान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर की शूटिंग कर रहे हैं, जो ईद 2025 पर रिलीज होनेवाली है। बता दें कि रविवार रात सलमान खान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ गणपति उत्सव में नजर आए। उनके उनकी बहन अर्पिता खान भी थीं। मुख्यमंत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रविवार को कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर कीं। इस वक्त सलमान खान एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित एक मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर पर काम कर रहे हैं।

# गोविंदा की पत्नी ले सकती हैं कपिल के शो में अर्चना पूरन की जगह?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह से अच्छे नहीं हैं। और वह ये बात अब खुलकर बोलती भी हैं। एक बार फिर उनके बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने दिल की बात कही, जिसके बाद वह सुर्खियों में आ गईं। एक्ट्रेस ने हालिया इंटरव्यू में कपिल शर्मा के शो के बारे में बात की। उनसे जब सवाल पूछा गया कि क्या वह अर्चना पूरन सिंह को रिप्लेस करना चाहेंगी तो इस पर उन्होंने कश्मीरा और कृष्णा अभिषेक का जिक्र करते हुए जवाब दिया।*



**कश्मीरा–कृष्णा से मेरी नहीं जमती**

सुनीता आहूजा से टाइम आउट विद अंकित पॉडकास्ट में पूछा गया कि क्या वह कपिल शर्मा के शो में अर्चना पूरन सिंह की जगह लेंगी? अगर उन्हें भविष्य में ऑफर मिला तो क्या वह उसे अपनाएंगी? उन्होंने कहा, कश्मीरा और कृष्णा के साथ मेरा नहीं जमता है। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा क्यों है, तो सुनीता आहूजा ने इसे पारिवारिक झगड़ा बताया और कहा कि पूरे मामले को समझाने में घंटों लग जाएंगे।

**सुनीता आहूजा का कश्मीरा–कृष्णा से रिश्ता**

सुनीता ने शो को करने के बारे में कहा, अगर वो (कश्मीरा–कृष्णा) लोग नहीं होते तो मैं करती। वो कपिल के साथ है ना। वरना मैं इसे करना पसंद करती। इसके अलावा, गोविंदा की पत्नी ने कहा कि अगर कोई उनके साथ बुरा व्यवहार करता



है, तो वह उनसे रिश्ता तोड़ लेती हैं और उनके पास उस व्यक्ति के साथ मुद्दों को सुलझाने के लिए लगभग कोई जगह नहीं बचती।

**सुनीता ने 15 साल से नहीं देखा बहन का चेहरा**

सुनीता ने आगे कहा कि जब भी उनकी गलती होती है तो वह माफी मांगने से पीछे नहीं हटती हैं, लेकिन अगर वह गलत नहीं होती हैं तो वह उनके चेहरे की तरफ भी नहीं देखती हैं। उसी पॉडकास्ट में सुनीता आहूजा ने कहा, मैंने पिछले 15 सालों से अपनी बहनों का चेहरा नहीं देखा है। एक बार नफरत हो गई न तो खत्म है मेरे लिए।

# बिग बॉस 18 की पहली कंफर्म कंटेस्टेंट बनीं निया शर्मा

*बिग बॉस अपने 18वें सीजन के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। फैंस इस बात को जानने के लिए बेसब्र हैं कि इस सीजन के कंटेस्टेंट्स कौन होंगे। एक के बाद एक नाम सामने आ रहे हैं और इनका खुलासा धीरे–धीरे हो रहा है। बहुत सारी एक्साइटमेंट के बीच, पता चला है कि लोकप्रिय टेलीविजन एक्ट्रेस निया शर्मा सीजन की पहली कंफर्म कंटेस्टेंट हैं। आइए बताते हैं कैसे!*



शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि यह शो संभवतः हर साल निया शर्मा को ऑफर किया जाता रहा है। हालांकि, इस समय तक चीजें काम नहीं कर रही थीं। सूत्र ने कहा, आखिरकार निया खुद को घर के अंदर बंद करने के लिए तैयार हो गईं और उन्होंने कुछ दिन पहले ही साइन किया है। उनके साथ–साथ टीम भी उन्हें अपने साथ शामिल करने को लेकर काफी एक्साइटेड है।

**बिग बहस 18 में निया शर्मा**

बिग बॉस से पहले निया शर्मा रियलिटी शो ख़तरों के खिलाड़ी 8ः का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां वह फाइनलिस्ट थीं। इसके बाद उन्होंने महामारी के दौरान खतरों के खिलाड़ी – मेड इन इंडिया में भाग लिया और विनर बनकर उभरीं।

**निया के साथ इन लोगों की चर्चा**


2022 में, निया शर्मा डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 10ः का भी हिस्सा थीं। एक्ट्रेस फिलहाल कलर्स पर एक कॉमेडी–कुकिंग शो लाफ्टर शेफ्स का हिस्सा हैं। बिग बॉस 18 की बात करें तो टीवी कलाकारों में जान खान, अंजलि आनंद, चाहत पांडे, स्प्लिट्सविला फेम कशिश कपूर, दिग्विजय राठी और स्त्री 2 के सरकटा सुनील कुमार के शो में एंट्री करने की खबरें हैं।

**एक्स कंटेस्टेंट्स बनेंगे सीनियर?**

रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्स कंटेस्टेंट्स मुनव्वर फारूकी, मनीषा रानी और एल्विश यादव को सीनियर्स या संरक्षक के रूप में नई टीम में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि बीबी16 के अब्दु रोजिक भी विवादों से भरे रियलिटी शो में कुछ खास सेगमेंट करने के लिए सलमान खान के साथ शामिल होंगे।

# रोज करें ये काम, मेनोपॉज के बाद जल्दी नहीं आएगा बुढ़ापा

*40 के बाद ध्यान नहीं दिया तो शरीर इतना बेडौल हो जाता है कि कई महिलाएं ये उम्मीद छोड़ देती हैं कि वो फिर पहले की तरह फिट और सुंदर दिख सकती हैं। मेनोपॉज के बाद भी फिट और खूबसूरत बने रहने के लिए आपको बस 3 चीजें करनी होंगी।*



**मेनोपॉज में स्टेमिना बढ़ाएं**

रोजाना एक्सरसाइज करने से फिटनेस बनी रहती है, मन शांत रहता है, तनाव कम होता है और नई ऊर्जा महसूस होती है। मेनोपॉज के दौरान स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज, कार्डियो और योग, ये तीनों कई तकलीफों से बचाते हैं। स्टेमिना बढ़ाने के लिए मॉर्निंग वॉक, रनिंग, साइकिलिंग, स्विमिंग, डांस जो भी सुविधाजनक लगे या जो पसंद हो वो करें। स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज से बोन डेंसिटी बढ़ती है। हड्डियों में कैल्शियम की सही मात्रा बनी रहती है। बोन डेंसिटी सही है तो गिरने या चोट लगने पर हड्डी नहीं टूटती। पीठ, एड़ियों और घुटनों में दर्द नहीं होता।

**मोटापे से बढ़ती हैं ये बीमारियां**

शरीर कितना फैल रहा है और बॉडी फैट कहां जमा हो रहा है, इससे इस बात का पता चलता है कि मोटापे के कारण महिला के बीमार होने की संभावना कितनी बढ़ सकती है। बॉडी फैट यदि कमर और लोवर बैक में ज्यादा जमा हो रहा है तो महिला को थायराइड, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज होने की आशंका बढ़ सकती है।

**40 के बाद नहीं बढ़ेगा कमर का साइज**

मेनोपॉज के बाद बीमारियों से बचने के लिए रोजाना 45 मिनट से लेकर एक घंटा तक का समय एक्सरसाइज या फिजिकल एक्टिविटीज के लिए जरूर निकालें। ज्यादातर महिलाएं घर के कामों का बहाना बनाकर एक्सरसाइज से बचने की कोशिश करती हैं, लेकिन ये आपकी सेहत के लिए सही नहीं। रोजाना 45 मिनट एक्सरसाइज करने से हर तीन महीने में कमर का साइज आधा से एक इंच कम हो जाता है। ऐसा करने से आप लंबी उम्र तक फिट और यंग नजर आएंगी।

**अपने लिए समय निकालें**

40 की उम्र के बाद घर या ऑफिस के काम ऐसे प्लान करें जिससे आपको अपने लिए एक घंटे का समय मिल सके। घर या ऑफिस के काम एक्सरसाइज के आड़े न आएं। लंबी उम्र तक निरोगी रहने का यही एक मुफ्त इलाज है कि आप रोजाना 45 मिनट समय फिजिकल एक्टिविटीज के लिए जरूर निकालें। घर से बाहर जाना संभव न हो तो घर पर ही एक्सरसाइज, योग या डांस करें।

**योग से पाएं स्वस्थ तन-मन**

रोजाना योग करने से शरीर फ्लैक्सिबल बनता है और मानसिक शांति महसूस होती है। मेनोपॉज के दौरान ऐसे योगासन करें जो पैरों को मजबूती दें जैसे त्रिकोणासन, वीरभद्रासन या फिर ऐसे आसन जिनमें हिप्स को ऊपर उठाया सके। इसके लिए हलासन और सर्वांगासन किया जा सकता है।




## ब्लू जोन्स के लोग छूते तक नहीं, तभी तो जीते हैं 100 साल

आपने ब्लू जोन्स का नाम जरूर सुना होगा। यह ऐसे क्षेत्र हैं, जहां रहने वाले लोग अन्य लोगों की तुलना में काफी लंबा और स्वस्थ जीवन जीते हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां के लाओ औसतन 100 वर्ष या उससे अधिक उम्र तक जीते हैं। यहां रहने वाले लोग को दिल की बीमारियों, कैंसर और डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों की चपेट में कम आते हैं। दुनिया में पांच ब्लू जोन हैं जोकि जापान, इटली, कोस्टा रिका, ग्रीस और अमेरिका में है। ब्लू जोन में रहने वाले सभी लोग अपने खाने-पीने का पूरा ध्यान रखते हैं। वो अपने खाने में साबुत अनाज, नट्स एंड सीड्स, दाल और फलियां, फल और सब्जियां शामिल करते हैं। रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजों से दूरी बनाकर रखते हैं। प्रोसेस्ड मीट, जैसे सॉसेज, सलामी, बेकन, और हॉट डॉग, अक्सर स्वादिष्ट होते हैं लेकिन अत्यधिक सेवन करने पर इनका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इनके सेवन से कैंसर, दिल के रोग, मोटापा, डायबिटीज, किडनी की प्रॉब्लम जैसी समस्याएं और शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। कैंडी, कूकीज और अन्य तरह की पैकेज्ड मिठाई खाने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इनके सेवन से मोटापा, डायबिटीज, दांतों की समस्याएं, ऊर्जा का स्तर कम होना, पोषक तत्वों की कमी आदि की समस्याएं हो सकती हैं। नमक और नमकीन चीजों के अधिक सेवन से सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। ब्लू जोन के लोग चीनी खाने से बचते हैं।

## चिकन-मटन के बिना बच्चे से लेकर बूढ़े बनेंगे ताकतवर

हरी मूंग की दाल सबसे पौष्टिक और हेल्दी मानी जाती है। यह पेट के लिए काफी अच्छी होती है और आसानी से पच जाती है। आयुर्वेद के मुताबिक आप इसे किसी भी बीमारी में इसका सेवन आराम से कर सकते हैं। यह कमजोरी और थकान दूर करने में मदद करती है। अक्सर मूंग की दाल रोटी या चावल के साथ खाई जाती है। लेकिन क्या आप इसका सबसे बढ़िया तरीका जानते हैं? आयुर्वेदिक डॉक्टर निशांत गुप्ता ने एक वीडियो में बताया कि वो हरी मूंग दाल को खास तरीके से खाते हैं। अगर आप भी इस तरीके का उपयोग करेंगे तो नॉनवेज फूड से ज्यादा एनर्जी पा सकते हैं। मूंग दाल में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। जो बच्चों से लेकर बूढ़ों का शरीर भी गठीला और तंदरुस्त बनाता है। वैसे तो अंकुरित दालें और फलियां सभी के लिए फायदेमंद होती हैं मगर कुछ समस्याओं के दौरान और लोगों को इन्हें संभलकर खाना चाहिए। हार्वर्ड के मुताबिक बिल्कुल छोटे बच्चे, बहुत बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं आदि को मूंग दाल को अच्छी तरह पकाकर खाना चाहिए।

## वेस्टर्न टॉयलेट यूज करने से हो सकती है बीमारी, गलत तरीके से न करें फ्लश



इंडियन टॉयलेट सीट यूज करने वाले लोगों की तुलना में वेस्टर्न टॉयलेट इस्तेमाल करने वाले लोगों में संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे में लोगो को साफ सफाई का अधिक ध्यान रखना चाहिए साथ ही इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका भी मालूम होना चाहिए। शौच करने के बाद जब हम फ्लश करते हैं तो तेज स्पीड से निकलने वाले पानी के साथ हवा में वायरस और बैक्टीरिया फैल जाते हैं जो प्लूम कहलाते हैं। फ्लश के जरिए जब तेज स्पीड से मल को बहाया जाता है तो वायरस और बैक्टीरिया हवा में मिल जाते हैं और पूरे बाथरूम में फैल जाते हैं। यहां तक कि बाथरूम में टूथब्रश, तौलिए आदि पर भी आ जाते हैं। एक शोध में इस बात का खुलासा किया गया है कि फ्लश के बाद निकलने वाले वायरस और बैक्टीरिया लगभग 5 फीट की ऊंचाई तक हवा में जाते हैं जो आसानी से एक व्यक्ति के मुंह और नाक तक पहुंच सकते हैं। केवल मल से ही वायरस और बैक्टीरिया नहीं निकलते बल्कि टॉयलेट के फ्लश में भी बैक्टीरिया पनपता है जिसे ई-कोली बैक्टीरिया कहा जाता है। फ्लश करने पर यह बैक्टीरिया भी हवा में आ जाता है और पूरे 6 घंटे तक हवा में ही रहता है। ऐसे में इसके संपर्क में आने से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

# 6-8 घंटे लगातार बैठकर काम करने से सुन्न हो सकते हैं हिप्स

*दफ्तर में एक जगह बैठकर घंटों काम करने से पीठ, कमर और गर्दन अकड़ जाती है। ऐसे में इनसे आराम पाने के लिए आप कई तरह के उपाय करते होंगे लेकिन लगातार बैठकर काम करने पर यदि आपके हिप्स सुन्न हो जाए तो ऐसे में क्या करना चाहिए यह बात शायद आपको मालूम नहीं होगी। सुनने में यह आपको अजीब लग रहा होगा। यदि आप रोजाना 6 से 8 घंटे लगातार बैठकर काम करते हैं और बार बार अपके कूल्हे सुन्न हो जाते हैं तो इसे इग्नोर करने की गलती बिलकुल ना करें। कूल्हों के सुन्न होने को डेड बट सिंड्रोम कहा जाता है। यदि समय पर इसका इलाज ना किया जाए तो इसमें दर्द काफी बढ़ सकती है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**धीरे-धीरे कहर ढाती है ये बीमारी**

डेड बट सिंड्रोम को ग्लूटियल एम्नेसिया भी कहा जाता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत ही साधारण लगते हैं लेकिन धीरे धीरे यह गंभीर रूप लेने लगते हैं जैसे पीठ के निचले हिस्से में दर्द, हिप्स और पैरों में कमजोरी और खिंचाव। बाद में यह समस्या बढ़ जाती है जिससे चलने और खड़े होने में भी कठिनाई हो सकता है। आइए इस समस्या से बचने के कुछ उपायों के बारे में आपको बताते हैं।

**रोजाना एक्सरसाइज करें**

डेड बट सिंड्रोम की समस्या में कमर, गर्दन, हिप्स और टखनों में दर्द की समस्या होती है। ऐसे में इस दर्द से आराम पाने के लिए आपको रोजाना एक्सरसाइज करना चाहिए। जंप स्क्वॉट्स, बैंड के साथ साइड स्टेप और साइड लंजेस से आपको काफी राहत मिल सकती है।

**लगातार बैठने से बचें**



घर हो या ऑफिस लगातार एक जगह पर बैठने से बचें। आप बीच में छोटे छोटे ब्रेक लेते रहें। हो सके तो आप स्ट्रेचिंग या फिर एक छोटा सा वॉक करें। आप चाहें तो हर आधे घंटे में कम से कम 5 मिनट का ब्रेक ले सकते हैं।

**सही पोस्चर में बैठें**

गलत पोस्चर में बैठने से भी डेड बट सिंड्रोम की समस्या हो सकती है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है कि हम हमेशा सही तरीके से बैठें। झुककर न बैठें और घुटनों को हमेशा 90 डिग्री एंगल पर ही रखें। इसके अलावा बैठते समय बैक सपोर्ट भी जरूरी होता है।

**खेल कूद में हिस्सा लें**

अपने पेल्विक और बैक मसल को मजबूत और एक्टिव रखने के लिए आप स्पोर्ट्स में हिस्सा लें। इसके अलावा स्विमिंग और डांस करना भी आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

**ग्लूट्स एक्सरसाइज**

इस एक्सरसाइज से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। इससे न सिर्फ मांसपेशियों में मजबूती आती है बल्कि शारीरिक विकास में भी मदद मिलती है। इससे पीठ दर्द से आराम मिलता है।

**ज्यादा देर बैठने से होती है ये बीमारियां**

डेड बट सिंड्रोम के अलावा ज्यादा देर बैठने से और भी कई गंभीर बीमारियां होती है जैसे हार्ट डिजीज, मोटापा और डायबिटीज। केवल ऑफिस में ही घंटों एक जगह बैठने के नुकसान नहीं होते हैं बल्कि घर पर कंप्यूटर या लैपटॉप के अलावा आप टीवी के सामने भी देर तक बैठते हैं तब भी ऐसी समस्याएं हो सकती है। देर तक बैठने से जॉइंट और मांसपेशियां कमजोर हो जाती है जो डीवीटी यानी डीप वेन थ्रोम्बोसिस के रिस्क को भी बढ़ाती है। ऐसा करने से व्यक्ति की मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है।



## रहाणे समेत दिग्गजों को पछाड़ने का मौका

यशस्वी जायसवाल के पास भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे से आगे निकलने का मौका है। रहाणे ने डब्ल्यूटीसी 2019–21 चक्र में 1159 रन बनाए थे। बता दें कि जायसवाल, रहाणे और रोहित के साथ एक ही डब्ल्यूटीसी चक्र में 1000 रन बनाने वाले तीन भारतीय बल्लेबाजों में से एक हैं। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने साल 2019 से 23 तक खेले गए डब्ल्यूटीसी चक्र में 31 सिक्स लगाए थे। अब यशस्वी जायसवाल उनका ये रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

# यशस्वी जायसवाल करेंगे वो कमाल जो नहीं कर सके विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के पास बांग्लादेश के खिलाफ खेले जाने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में इतिहास रचने का मौका है। दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 19 सितंबर से खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा के पास है।
इस सीरीज में कई नए और बड़े कीर्तिमान बनते हुए नजर आएंगे, जिसमें टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से भी ऐसे खास मुकाम की उम्मीद है। यशस्वी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023–25 में अब तक 1028 रन बना लिए हैं और उनकी नजर ँ ज के एक ही चक्र में सबसे ज्यादा रन बनाने पर हैं।
दरअसल, 22 साल के यशस्वी जायसवाल भारत–बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 132 रन बनाते ही इतिहास रच देंगे। यशस्वी 132 रन बना लेते हैं तो वह डब्ल्यूटीसी के एक सिंगल एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बन जाएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का ये तीसरा चक्र चल रहा है, जिसमें यशस्वी के पास कई रिकॉर्ड को ध्वस्त करने का मौका है। उनके पास बेन स्टोक्स को पछाड़ने का मौका है।

# टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन टीम पर बरसेगा छप्पर फाड़ पैसा

क्रिकेट

## 10 टीमें महिला टी20 वर्ल्ड कप में ले रही हैं हिस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप 2024 की प्राइजी मनी का एलान कर दिया है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से यूएई में होना है।
पहले ये अहम टूर्नामेंट बांग्लादेश की मेजबानी में आयोजित होने वाला था, लेकिन वहां पर राजनीतिक अस्थिरता आने के बाद से हुए विरोध प्रदर्शन के चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस टूर्नामेंट को यूएई में कराने का फैसला लिया है। आईसीसी के मुकाबले अब शारजाह और दुबई के मैदान पर खेले जाएंगे।
आईसीसी ने 2024 टी20 वर्ल्डकप संस्करण के लिए प्राइज मनी को पिछले विश्व कप की तुलना में बढ़ा दिया है। आईसीसी ने 2024 महिला टी20 विश्व कप के लिए प्राइजी



मनी +7,958,080 कर दी है, जो 2023 संस्करण की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है। इस अहम वृद्धि से यह सुनिश्चित हो गया है कि महिला टी–20 विश्व कप 2024 के विजेता को 2.34 मिलियन डॉलर की भारी राशि मिलेगी, जो कि 2023 में चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को दी जाने वाली 1 मिलियन डॉलर की राशि से 134 प्रतिशत ज्यादा है। यह महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित करती है कि महिला टी 20 विश्व कप 2024 के विजेता +2.34 मिलियन की चौंका देने वाली राशि प्राप्त करेंगे, जो 2023 में चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को दिए जाने वाले +1 मिलियन से 134 प्रतिशत अधिक है।
महिला टी20 विश्व कप 2024 की उपविजेता टीम पर भी जमकर पैसों की बरसात होगी। पिछले विश्व कप की तुलना में उपविजेता टीम की प्राइजी मनी में भी 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे उन्हें आगामी संस्करण में +1.17 मिलियन की राशि मिलेगी। हर सेमीफाइनलिस्ट को +675,000 मिलेंगे, जो उनके 2023 के भुगतान से तीन गुना अधिक है।
महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में इस बार 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनको 5–5 के दो ग्रुपों में बांटा गया है। इसमें ग्रुप–ए में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की महिला टीमें हैं। वहीं ग्रुप–बी में बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज की महिला टीम शामिल है।
15 अक्टूबर को ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा, वहीं दोनों ग्रुपों से टॉप–2 पर रहने वाली टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का करेंगी। शारजाह के मैदान पर 17 और 18 अक्टूबर को सेमीफाइनल मुकाबले होंगे तो वहीं 20 अक्टूबर को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा।

# कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड ही बांग्लादेश के खिलाफ सबसे बड़ी टेंशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज गुरुवार यानी 19 सितंबर से शुरू होने वाली है। सीरीज का पहला टेस्ट चौन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम चेन्नई पहुंच भी गई है। टीम मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहा रही है। खिलाड़ी खूब मेहनत कर रहे हैं। प्रैक्टिस सेशन में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह भी नजर आए।
दूसरी ओर बांग्लादेश इस वक्त प्रचंड फॉर्म में है। वह हाल ही में पाकिस्तान को पाकिस्तान में 2–0 से टेस्ट सीरीज हराकर आए हैं। हालांकि भारत और बांग्लादेश के

- ■रोहित शर्मा ने अब तक बांग्लादेश के सामने खेले 3 टेस्ट
- ■19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा सीरीज का पहला टेस्ट

बीच होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में भारत ही जीतने की फेवरेट है। लेकिन कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े बांग्लादेश के खिलाफ ज्यादा खास नहीं है, जोकि टीम के लिए एक चिंता का विषय हो सकता है।
37 साल के रोहित शर्मा ने टेस्ट में खुद को साबित तो किया है। हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ उनका बल्ला टेस्ट में अब तक खामोश रहा है। हिटमैन ने बांग्लादेश के खिलाफ अब तक 3 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 3 पारियों में उन्होंने महज 33 रन बनाए हैं। रोहित का फॉर्म बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय बन सकता है। भारत की बैटिंग लाइन अप की रोहित शर्मा एक अहम कड़ी हैं।
भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के लिए अब तक कुल 59 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 101 पारियों में 45.5 की औसत से 4137 रन बनाए हैं। उनके नाम टेस्ट में 12 शतक और 17 अर्धशतक हैं। भारत को अगले साल फरवरी में होने वाली चौंपियंस ट्रॉफी से पहले कुल 10 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें रोहित शर्मा टीम के अच्छा प्रदर्शन करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अर्जुन तेंदुलकर ने 9 विकेट लेकर मचाई तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अलूर। अर्जुन तेंदुलकर ने डॉ. (कैप्टन) के थिमप्पैया स्मारक टूर्नामेंट में मेजबान कर्नाटक के खिलाफ 9 विकेट झटक कर गोवा को पारी और 189 रन से बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। घरेलू सत्र से पहले होने वाले इस आयोजन को केएससीए (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) आमंत्रण टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है।
केएससीए 11 की टीम में निकिन जोश और विकेटकीपर शरत श्रीनिवास के अलावा सभी खिलाड़ी अंडर 19 और अंडर 23 टीम के थे। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने इस मैच की दोनों पारियों में 26.3 ओवर की गेंदबाजी की और 87 रन देकर नौ विकेट लिये। अर्जुन ने पहली पारी में 13 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट लिये जिससे कर्नाटक की टीम महज 103 रन पर सिमट गयी। गोवा सीए 11 ने अभिनव तेजराणा की 109 रन की पारी के दम पर 413 रन बनाये।

## न्यूज डायरी



## अश्विन ने अब तक कई महारिकॉर्ड्स किए है अपने नाम


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन भारत के अब तक के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से एक हैं। उनके आंकड़े इसकी साफ गवाही देते है। अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और मौजूदा समय में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में टॉप गेंदबाज है। अश्विन मंगलवार को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने अब तक अपने करियर में कई महारिकॉर्ड्स तो हासिल किए ही है, लेकिन एक ऐसा रिकॉर्ड भी है, जिसे अश्विन हासिल करना चाहते हैं। इसका खुलासा अश्विन ने खुद ही किया कि उनका एक सपना अभी भी अधूरा है। आइए जानते हैं भारत के ऑफ स्पिनर के इस सपने के बारे में। दरअसल, भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होना है। इस सीरीज से पहले भारतीय टीम के स्टार ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने एक बड़ा खुलासा किया। विमल कुमार के यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए अश्विन ने कहा कि उनका एक सपना अभी अधूरा है। अश्विन ने कहा कि मैं एक ओवर में 6 छक्के मारना चाहता हूं, पर कभी हुआ ही नहीं। इस दौरान अश्विन हंसते हुए नजर आए। अश्विन ने इस दौरान अपने रिटायरमेंट प्लॉ को लेकर कहा था कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि उन्हें अब सुधार नहीं करना चाहिए, उस दिन वह संन्यास ले लेंगे।

## चेन्नई में लाल मिट्टी से बनी पिच पर खेला जाएगा टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तीन फास्ट बॉलर या तीन स्पिनर? रोहित शर्मा और गौतम गंभीर जब बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग–11 चुन रहे होंगे तो यह उनके लिए ये फैसला लेना काफी मुश्किल होगा। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच का आगाज 19 सितंबर से होना है। चेपॉक की पिच लाल मिट्टी से बनी है और यहां पर बाउंस अच्छा होता है। इस पिच पर तेज गेंदबाजों को अच्छा उछाल मिलने की संभावना है। रिवर्स स्विंग भी देखने को मिल सकती है। यह भी तय है कि पिच जल्दी टूटेगी और स्पिनर्स को इससे खास मदद मिलेगी। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम 5 बॉलर्स के साथ मैदान पर उतर सकती है। दरअसल, भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट खेला जाएगा। भारत ने इस मैच के लिए पहले ही टीम का एलान कर दिया है। टीम में 4 स्पिनर और 3 तेज गेंदबाज हैं। चार स्पिनरों में 3 ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल शामिल हैं। वहीं, तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और यश दयाल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत 5 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतर सकती है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा का खेलना तय माना जा रहा है, लेकिन पांचवें गेंदबाज के लिए कौन होगा, इसको लेकर अभी चर्चा जारी है।

## 6 साल बाद कश्मीर में खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कश्मीर। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर स्टेडियम छह साल बाद रणजी ट्रॉफी मुकाबले की मेजबानी करेगा। रणजी ट्रॉफी के मुकाबले 11 अक्टूबर से शुरू होंगे और इस बार श्रीनगर में दो मैच खेले जाएंगे। वहीं एक मुकाबला जम्मू के जीजीएम साइंस कॉलेज मैदान पर खेला जाएगा। जम्मू–कश्मीर की टीम को एलीट ग्रुप में महाराष्ट्र, ओडिशा, सर्विसेज, मेघालय, त्रिपुरा, मुंबई और बड़ौदा के साथ रखा गया है। इससे पहले, श्रीनगर में 20 से 23 नवंबर 2018 तक रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला गया था, इस मुकाबले में जम्मू–कश्मीर ने त्रिपुरा को आठ विकेट से हराया था। इस बार रणजी ट्रॉफी सत्र 11 अक्टूबर से शुरू होगा और जम्मू–कश्मीर की टीम अपना पहला मैच अपने घरेलू मैदान पर महाराष्ट्र के विरुद्ध खेलेगी। यह मैच 11 से 14 अक्टूबर तक खेला जाएगा।
शेर–ए–कश्मीर स्टेडियम में 26 से 29 अक्टूबर तक जम्मू–कश्मीर और सर्विसेज के बीच मैच खेला जाएगा। जम्मू के जीजीएम साइंस कालेज हास्टल ग्राउंड में जम्मू–कश्मीर की टीम 13 से 16 नवंबर तक त्रिपुरा से भिड़ेगी। टीम की तैयारियोंके लिए शेर–ए–कश्मीर स्टेडियम में गत 13 सितंबर से स्किल कैंप शुरू हो गया है, जो 22 सितंबर को संपन्न होगा।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

**व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना को एक साल और बढ़ायां**

**संवाददाता** देहरादून। राज्य के व्यापारियों को दुर्घटना बीमा सुरक्षा की योजना को एक साल और बढा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के दिन वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने इसकी घोषणा की। प्रदेश के करीब एक लाख से ज्यादा व्यापारियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। मंगलवार को वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य में रजिस्टर्ड व्यापारियों को बीमा सुरक्षा देने के लिए योजना शुरू की गई थी। इसके तहत दुर्घटना होने पर व्यापारी के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। योजना इस साल 18 नवंबर को खत्म होने जा रही थी। व्यापारी पिछले काफी समय से इसकी मांग कर रहे थे।

**प्रदेश में सड़कें बंद और सरकारी तंत्र नींद में: धस्माना**

**संवाददाता** देहरादून। अपने कैंप कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा की पूरे प्रदेश में साढ़े पांच सौ से ज्यादा मार्ग क्षतिग्रस्त हैं या बंद पड़े हैं। मार्गों को खोलने या दुरुस्त करने के लिए जिस तेजी व युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है, वह कहीं नजर नहीं आ रही है। धस्माना ने कहा कि ऋषिकेश से लेकर बदरीनाथ– केदारनाथ तक राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। अगस्त्यमुनि से लेकर गुप्तकाशी, कालीमठ, गौरीकुंड, सोनप्रयाग तक रास्तों का बुरा हाल है। कोटद्वार से लेकर पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग व इसी तरह यमुनोत्री और गंगोत्री के यात्रा रूट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं।

**17 अक्तूबर को मिस ऋषिकश प्रतियोगिता होगी**

**संवाददाता** ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल द्वारा 17 अक्तूबर को लायंस दिवाली मेला एवं ऑटो एक्सपो 2024 का आयोजन करेगा। मेले में मिस ऋषिकेश प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। मंगलवार को दून रोड स्थित एक होटल में लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में मेला चेयरमैन धीरज माखीजा ने बताया कि 17 अक्तूबर को लायंस दिवाली मेला एवं ऑटो एक्सपो 2024 का आयोजन होगा।

**उत्तराखंड में बुलेट 350 'बटालियन ब्लैक' एडिशन लॉन्च**

**संवाददाता** देहरादून। मिड–साइज मोटरसाइकिल सेगमेंट (250 सीसी–750 सीसी) में ग्लोबल लीडर रॉयल एनफील्ड ने अपनी प्रतिष्ठित बुलेट 350 का बटालियन ब्लैक संस्करण लॉन्च कर दिया है। बुलेट की मशहूर मजबूती और ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस नए मॉडल को बुलेट समुदाय के प्रति एक विशेष उपहार के रूप में पेश किया गया है। टेस्ट राइड और बुकिंग आज से उत्तराखंड के 35 से ज्यादा स्टोर्स पर शुरू हो चुकी है।

# राज्य के शत प्रतिशत गांव में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू करना लक्ष्य: सीएम

**शुभारंभ**

■ सीएम ने किया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ, क्रॉस कंट्री मैराथन दौड़ का भी फ्लैग ऑफ



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून के परेड मैदान में 'स्वच्छता ही सेवा–2024' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं क्रॉस कंट्री मैराथन दौड़ को फ्लेग ऑफ कर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं 'एक पेड़ मां' के नाम अभियान के अंतर्गत परेड मैदान परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बालिकाओं को किशोरी किट का वितरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विश्वकर्मा पूजन किया और सभी को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए प्रभु से उनके दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता के प्रति सजगता, निष्ठा और नेतृत्व हम सबको प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज उनके जन्मदिवस के सुअवसर पर हम स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत कर रहे हैं। यह स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद स्वच्छ भारत का मिशन शुरू किया था जिसके कारण आज देश के हर व्यक्ति के अंदर स्वच्छता का भाव उत्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक और दूरदर्शी विजन ने भारत को स्वच्छता के नए आयामों पर पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देशभर के अंदर करोड़ों शौचालय का निर्माण हुआ, कचरा प्रबंधन के लिए जरूरी सुविधाओं का विकास किया गया है और स्वच्छता को लेकर आम लोगों में जागरूकता आयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भी स्वच्छता के मामले में सराहनीय प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड को वर्ष 2017 में देश का चौथा ओडीएफ राज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ। अब तक राज्य में कुल 5 लाख 37 हजार से अधिक शौचालय विहीन परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा 2600 से भी अधिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। 9000 से अधिक गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का कार्य पूरा किया गया है। 77 विकासखंडों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की इकाइयां स्थापित कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मार्च 2025 तक राज्य के शत प्रतिशत गांव में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम देहरादून द्वारा जो प्रयास किये जा रहें हैं वो सराहनीय हैं। नगर निगम द्वारा आमजन की सफाई से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु स्वच्छता कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जो 24×7 संचालित होता है। इसके अलावा सफाई सुनिश्चित करने के लिए आठ टीमों का गठन करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे से निगरानी जैसे अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमने यहां पर पौधरोपण किया है और जो स्वच्छता की शपथ ली है, वो हमारे राज्य को साफ सुथरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के हमारे संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकासखंडों के लिए स्वच्छता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

**हमारे स्वभाव में स्वच्छता आएेगी तो प्रदेश भी होगा स्वच्छ**

शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जिस दिन से हमारे स्वभाव में स्वच्छता आ जाएगी, तो उस दिन से प्रदेश भी स्वच्छ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेशभर में एक हजार से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# राज्य में जल्द लागू होगा समान नागरिक संहिता

**ऐलान**

■ उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने की बताई फाइनल डेट



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मालसी, देहरादून स्थित एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का मुख्य सेवक होने के नाते उन्होंने जो भी निर्णय लिये हैं, राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप लिये हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता जल्द लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में डेमोग्राफिक चेंज को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मामले को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध अतिक्रमण करने वालों पर राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। राज्य में कानूनी प्रक्रिया के तहत अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। उत्तराखण्ड में धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा रोधी कानून लागू किया गया है। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत राज्य में 03 लाख 54 हजार करोड़ के एमओयू हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ईकोलॉजी और ईकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए विकास कार्य किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है, जहां जी.ई.पी की शुरूआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिकी की लाईफलाईन है। चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा कराना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। राज्य में यात्रा व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और मजबूत करने लिए यात्रा प्राधिकरण बनाया जा रहा है। इसमें चारधाम यात्रा एवं इससे क्षेत्र से जुड़े लोगों और स्टेक होल्डर्स के सुझाव भी लिये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के शहरों की धारण क्षमता का आकंलन किया जा रहा है, इसके हिसाब से ही इनका विकास किया जायेगा।

**मोदी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया दुग्धाभिषेक**

**संवाददाता** ऋषिकेश। भाजपाइयों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यक्रमों में स्वच्छता अभियान, गंगा में दुग्धाभिषेक और पूजा–अर्चना कर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु की कामना की। वाल्मीकी नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगर निगम ऋषिकेश ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं। इसी क्रम में अटल आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये का इलाज जरूरतमंदों का निशुल्क किया जा रहा है। मौके पर नगर आयुक्त शैलेन्द्र सिंह नेगी, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, अनूसूचित आयोग के सदस्य राकेश पारछा, रविंद्र बिरला, सफाई निरीक्षक अभिषेक मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।